## संक्षिप्त

### बालाजी के वार्षिक मेले का समापन

**बौंली** (निसं)। क्षेत्र के लाखनपुर ग्राम पंचायत अंतर्गत गोठड़ा बालाजी के लगने वाले वार्षिक तीन दिवसीय मेले का बुधवार को समापन हो गया। मेला समिति के सचिव रमेश चंद गुर्जर ने बताया कि मेले के दौरान बालाजी की झांकी सजाई गई भजन संध्या आयोजित की गई एवं विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। जिसमें मानव दौड़ प्रतियोगिता में धर्मवीर सिंह बड़ागांव सिरोही प्रथम रहे। घोडी दौड़ प्रतियोगिता में गिर्राज गुर्जर गोवर्धनपुरा प्रथम रहे। एवं 125 किलो की नाल उठाने में सचिन पहलवान करौली प्रथम रहे। इस दौरान मित्रपुरा पुलिस थाने के कर्मी व्यवस्था बनाने में तैनात रहे।

### छात्रों ने शैक्षनिक भ्रमण किया

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। कृषि कॉलेज के छात्र छात्राओं ने चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय अनुसंधान केंद्र व कृषि विज्ञान केंद्र बावल हरियाणा का दौरा किया। बास कृपाल नगर राजकीय कृषि कॉलेज अधिष्ठता डॉ. एमपी यादव ने बताया यात्रा प्रभारी लक्ष्मण प्रसाद बलाई शशि वर्मा के नेतृत्व में कॉलेज के 57 छात्र छात्राओं के दल ने राष्ट्रीय कृषि शिक्षा परियोजना व कैरियर विकास केंद्र के तहत चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय अनुसंधान केंद्र व कृषि विज्ञान केंद्र बावल हरियाणा का भ्रमण किया।

### कोविड टीकाकरण शुक्रवार को

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के नागाजी की गौर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग एवं लाडली फाउण्डेशन-जेएसआई के संयुक्त तत्वाधान में कोविड टीकाकरण का आयोजन किया जायेगा। जिसमें को-वैक्सीन की 18 वर्ष से अधिक की आयु के सभी लोगों के प्रथम, द्वितीय व बुस्टर डोज लगाई जायेंगी।

# चिकित्सकों ने आज भी दो घंटे कार्य बहिष्कार किया, मरीज परेशान हुए

**पावटा,** (निसं)। राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में निजी चिकित्सकों के साथ पावटा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने पावटा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. देवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को भी 2 घंटे कार्य बहिष्कार किया।

इस दौरान पावटा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी चिकित्सक उपस्थित रहे। पावटा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. देवेंद्र शर्मा ने बताया कि जिस तरह से राजस्थान सरकार का घेराव

- 'चिकित्सकों पर लाठी-डंडों से हमला बेहद ही निंदनीय कृत्य'

करने के लिए विधानसभा में पहुंचे थे, वहीं सरकार के इशारे पर सभी चिकित्सकों पर लाठी-डंडों से हमला किया गया जिसमें कई चिकित्सक घायल हुए हैं। इस प्रकरण के विरोध में सभी सरकारी चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर पेन डाउन कर दो घंटे कार्य का कार्य बहिष्कार किया। इस दौरान सुबह 9 बजे से 11 बजे तक सभी चिकित्सक हड़ताल रहे। जिसके बाद पुनः कार्य पर लौट आए।

इस दौरान हॉस्पिटल में आए मरीजों को काफी परेशान होना पड़ा। चिकित्सको के इंतजार में कई मरीज बिना उपचार के ही वापस लौट गए तो कई मरीज चिकित्सकों के कार्य पर लौटने का इंतजार करते रहे। इस दौरान पावटा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. देवेंद्र शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संतोष वर्मा, डॉ. अशोक जाट, डॉ. रवि बंसल, डॉ. राजवीर गुर्जर, डॉ. ज्योति योगी, डॉ. खुशबू बंसल सहित सभी चिकित्सक मौजूद रहे।



**पावटा में निजी चिकित्सकों के साथ सरकारी चिकित्सकों ने भी दो घंटे कार्य का बहिष्कार किया जिससे राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज परेशान रहे।**

### नववर्ष आगमन की खुशियां मनायी

**टोंक,** (निसं)। नव संवत्सर 2080 के आगमन पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा बुधवार को अरिहंत भवन पुरानी टोंक में नववर्ष आगमन समारोह मनाया गया।

मधु लुहाडिया ने बताया कि आदिनाथ शुभकामना परिवार कनकश्री मंडल एवं महिला मंडल पुरानी टोंक के तत्वाधान में अरिहंत भवन में नव वर्ष आगमन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसके अंतर्गत अरिहंत भवन में विभिन्न रंगों से रंगोली बनाकर रंगोली के चारों ओर दीप जलाकर नववर्ष आगमन की खुशियां मनाई । इस अवसर पर ऊषा, संतरा, मंजू, संतोष, चंद्रकांता, प्रेमलता, सरोज एवं गरिमा आदि महिलाओं ने मंगल गीत गाये एवं एक-दूसरे के गुलाल लगाकर नव वर्ष की बधाई दी। आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्वलन किया गया। रिद्धि मंत्रों के उच्चारण के साथ भक्तामर एवं णमोकार का पाठ किया गया। भगवान की भक्ति में विनतिया गाई गई। इंदिरा सोनी ने बताया कि नववर्ष आगमन की मधुर बेला पर पक्षियों के चुग्गा एवं गायों के चारे के लिए महिला मंडल ने आपसी सहयोग से राशि एकत्रित कर गौशाला में दान की । इस अवसर पर सीमा, संजू, रिंकू, शीतल, अनीता, पिंकी एवं बीना आदि मौजूद थी।

## शाहपुरा में गणगौर महोत्सव 24 को

**शाहपुरा,** (निसं)। गणगौर राजस्थान के सबसे रंगीन और शुभ त्योहारों में से एक है। बसंत, फसल और वैवाहिक निष्ठा का उत्सव। जबकि गण भगवान शिव का दूसरा नाम है, गौर गौरी उर्फ पार्वती, उनकी पत्नी का प्रतीक है, जो वैवाहिक आनंद का प्रतीक भी है।

दिवसीय उत्सव विवाहित और अविवाहित दोनों महिलाओं द्वारा मनाया जाता है। शाहपुरा में 24 मार्च को सुबह 11 बजे से गणगौर महोत्सव, शाहपुरा हवेली में आयोजित किया जा रहा हैं। आयोजन रानी रत्ना कुमारी फाउंडेशन द्वारा राजस्थान पर्यटन विभाग के सहयोग से किया जाएगा।

रावला मोती महल से शाम 5 बजे ईसर महाराज और गणगौर माता की भव्य शोभायात्रा पूरे शाही धूमधाम के साथ शुरू होगी।

रानी रत्ना कुमारी फाउंडेशन ट्रस्ट के अधिराज सिंह ने बताया कि शाहपुरा गणगौर महोत्सव के प्रमुख आकर्षण राजस्थान के स्थानीय कलाकारों और लोक संगीतकारों के सांस्कृतिक प्रदर्शन ,कई प्रकार के क्षेत्रीय नृत्य (नृत्य) जैसे मयूर, नृत्य, मसक नृत्य, बेहपांग नृत्य, जादूगर प्रदर्शन, हॉर्स शो और अन्य पारंपरिक खेल रहेंगे। इसके अलावा देश के विभिन्न हिस्सों के कलाकार अर्थात् अपनी सुरीली धुनों और ट्विंकल टोज से शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा।

# डेयरी प्लांट का सी.एम. ने वर्चुअल लोकार्पण किया

**मालपुरा,** (निसं)। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत टोंक जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति संघ टोंक द्वारा मालपुरा शहर के घाटी रोड घाणा के बालाजी के पास 12 करोड़ रूपयों की लागत से निर्मित नवीन दुग्ध डेयरी प्लांट का बुधवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वर्चूअल लोकार्पण किया।

तत्कालीन पंचायत समिति प्रधान व डेयरी संघ के जिलाध्यक्ष कमल चौधरी व क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी के अथक प्रयासों से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत साढे नौ करोड़ रूपये की लागत से मालपुरा में नवीन डेयरी प्लांट की स्वीकृति जारी होने पर तत्कालीन कृषि एवं डेयरी मंत्री द्वारा 24 नवम्बर 2016 को प्लांट का शिलान्यास कर निर्माण कार्य शुरू किया गया जो कि जनवरी 2019 को पूर्ण होना था। निश्चित समयावधि में निर्माण व मशीनरी कार्य पूर्ण नहीं होने पर दो बार राज्य सरकार द्वारा बजट राशि में बढोतरी करते हुए कुल 12 करोड रूपयो की लागत से डेयरी प्लांट का सिविल निर्माण कार्य व मशीनरी कार्य पूर्ण हुआ। बुधवार को जयपुर के दुर्गापुरा में आयोजित एक समारोह के तहत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मालपुरा के डेयरी प्लांट का लोकार्पण किया। प्लांट प्रभारी रामअवतार शर्मा ने बताया कि टोंक जिले के दुग्ध उत्पादकों को उचित दर पर दुग्ध क्रय करना एवं उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता का दुग्ध व सरस के एक दर्जन उत्पादक उचित दर पर उपलब्ध करवाये जाने के उदेश्य को लेकर प्लांट का निर्माण करवाया गया है, जो कि अंडर ट्रायल पर है। सम्भवत्तया अप्रेल के पहले सप्ताह में प्लांट पर घी का निर्माण एवं दूध पैंकिग व संकलन का कार्य शुरू होगा।

## बिजासनी माता मेले की तैयारी बैठक

**लालसोट,** (निसं)। प्रखंड क्षेत्र की किशोरपुरा ग्राम पंचायत के खुर्रा ग्राम में आयोजित होने वाले बिजासनी माता के लक्खी मेले को लेकर बुधवार को तहसीलदार मदनलाल मीणा व सरपंच हरिओम मीणा की अध्यक्षता में यज्ञशाला परिसर में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की सामूहिक तैयारी बैठक आयोजित की गई।

वहीं तहसीलदार मदनलाल मीणा, अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा व स्थानीय सरपंच हरिओम मीणा द्वारा मंदिर परिसर आदि का घूमकर भी जायजा लिया गया। 4 अप्रैल से 8 अप्रैल तक आयोजित होने वाले इस बिजासनी माता के लक्खी मेले की तैयारी बैठक के दौरान तहसीलदार व सरपंच मंडावरी नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी आदि द्वारा सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई। सरपंच हरिओम मीणा ने बताया कि बिजासन माता के पांच दिवसीय मेले में पूर्णतया शराबबंदी रहेगी साथ ही मेले के आखिरी दिन 21 हजार रुपए स्तर की कुश्ती का दंगल आयोजित किया जाएगा। इस दौरान पंचायत समिति के सहायक अभियंता हरकेश मीणा, थानाधिकारी रामपाल मीणा ग्राम विकास अधिकारी बृजमोहन मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी ग्राम पंचायत के वार्ड पंच पूर्व सरपंच एवं प्रतिष्ठित ग्रामीण मौजूद रहे। इस प्रशासनिक बैठक के दौरान तहसीलदार मदनलाल मीणा द्वारा लक्खी मेले की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक के दौरान सरपंच हरिओम मीणा द्वारा लक्खी मेले में सुरक्षा के दृष्टिकोण से लेकर मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को देखते हुए 24 घंटे बिजली की व्यवस्था एवं पेयजल की व्यवस्था वह मेले में चौ आगंतुकों को टूटी सड़कों से आवागमन पच में कोई समस्या नहीं हो इसके लिए टूटी सड़कों की रिपेयरिंग पैच वर्क सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिसकर्मीयो की मांग की गई है। सरपंच ने बताया कि इस बार मेले में पर आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन आदि के आवागमन पर किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा यह पूरी तरह लगा निशुल्क रहेगा

### नव संवत्सर पर रंगोली बनाकर खुशी मनाई

**देवली,** (निसं)। शहर सहित समूचे उपखंड में नव वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हैं। यहां शहर के विभिन्न चौराहों पर रंगोली बनाकर सजावट की गई वहीं राहगीरों को तिलक लगाकर नव संवत्सर की शुभकामनाएं दी गई।

विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि ममता सर्किल पर विश्व हिंदू परिषद, पेट्रोल पंप चौराहा पर भाजपा, गौरव मेडीकल तिराहे पर शैक्षिक संगठन, छतरी चौराहा पर भगत सिंह शाखा, सीआईएसएफ मैन गेट चौराहा पर विधा भारती, अम्बेडकर सर्किल पर शुभाष शाखा, जहाज़पुर नाका चौराहा पर हनुमान शाखा, परशुराम सर्किल पर केशव शाखा, बस स्टैण्ड के बाहर दुर्गा वाहिनी व बजरंग दल के स्वयं सेवकों ने राहगीरों के तिलक लगाकर गुड खिलाकर मीठा मीठा मुंह कर गया तथा सभी को जानकारी दी कि हिंदू नव वर्ष संवत 2080 बुधवार 22 मार्च से शुरू हुआ है।

## हिन्दू नववर्ष पर भव्य शोभा यात्रा निकली

**पावटा,** (निसं)। हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल विक्रम संवत 2080 के अवसर पर हिंदू उत्सव समिति पावटा, प्रागपुरा के तत्वावधान में बुधवार को शहनाई वादन, तिलक कार्यक्रम आयोजित कर घरों में दीपक जलाकर घर-घर जाकर लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। वहीं ग्राम खेलना में श्री राम सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य शोभा यात्रा निकाल युवा कार्यकर्ताओं ने मनोहारी झांकी के साथ जय श्रीराम के उद्घोष के साथ नगर का भ्रमण किया।

शोभायात्रा का खेलना गांव के ठाकुरजी के मन्दिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए जयघोष के साथ टीलाजी महाराज के मन्दिर पर समापन हुआ। शोभा यात्रा का नेतृत्व कर रही श्री राम सेवा समिति खेलना ने भारतीय संस्कृति के अस्तित्व पर आने वाले खतरों से आगाह करते हुए हिंदुओं से एक जुटाता का आव्हान किया।

शोभा यात्रा के दौरान पूरा नगर भगवा रंग में रंग गया। हिंदू उत्सव समिति पावटा, प्रागपुरा व श्री राम सेवा समिति खेलना ने बताया कि भारतीय

- घरों में दीपक जलाकर घर-घर जाकर लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी
- शहनाई वादन, तिलक व कई कार्यक्रम हुए

नववर्ष हम सबके जीवन में नई आशा और उल्लास लेकर आता है। इसकी शुरुआत रचनात्मकता एवं सकारात्मकता के साथ करने की हमारी पुरातन परंपरा रही है। हमारे लिए यह प्रसन्नता का विषय है कि हमारे सांस्कृतिक वैभव को संपूर्ण विश्व के समक्ष गौरवशाली ढंग से उभारने के प्रयास कर रहे हैं। वहीं भारतीय हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा पावटा द्वारा घंटाघर चौक पर 101 दीपक जलाकर नव संवत्सर के आगमन का स्वागत किया गया।

### भामाशाह ने विद्यालय में कैमरे लगाये

**बोराज,** (निसं)। कस्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बेरो की ढाणी में भामाशाह द्वारा उपलब्ध कराए गए सीसीटीवी कैमरों का सरपंच सुरेंद्र सिंह मीणा के मुख्य आतिथ्य में विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उप सरपंच राजेश कुमावत रहे।

सरपंच सुरेंद्र सिंह मीणा ने भामाशाहो का आभार व्यक्त किया व कहा भामाशाह के सहयोग से विद्यालय के विकास को गति मिलती है अतः भामाशाओं को प्रोत्साहित व प्रेरित कर विद्यालय के विकास में सहयोग बनाए रखना चाहिए।

कार्यक्रम के अध्यक्ष संस्था प्रधान कृष्णकांत कुमावत ने कहा कि पिछले समय विद्यालय परिसर में कई बार छुटपुट चोरियां हुई जिनका आज दिन तक कोई सुराग नहीं लग पाया है अब कैमरे लग जाने के बाद चोरियों पर अंकुश लगेगा। इस अवसर पर वार्ड पंच राजू नैमीवाल, धन्नालाल, प्रेमचंद, मोतीलाल, रमेश माचीवाल, हनुमान, चुन्नीलाल, शिवनारायण मारवाल, कमल, मेवाराम नेमिवाल आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### 5 जनों ने अध्यक्ष पद के नामांकन भरे

**टोंक,** (निसं)। जिला अभिभाषक संघ टोंक के वार्षिक चुनाव को लेकर तिथि के अन्तिम दिन बुधवार तक अध्यक्ष पद के लिए 5 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया।

संघ के मुख्य चुनाव अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता, सह चुनाव अधिकारी ललित कुमार जग्रवाल, नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि जिला अभिभाषक संघ टोंक के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर सै. मो. सलीम नकवी, विजय बहादूर सिंह सोलंकी, डॉ. अभिषेक शर्मा, बसंत कुमार जैन, शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने नामांकन दाखिल किया, इसी प्रकार सचिव पद पर हनुमान प्रसाद जांगिड़, विशाल श्रीवास्तव, कमलेश कुमार सैनी, छोटूलाल पहाडिया, उपाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार गुर्जर तृतीय, जितेन्द्र कुमार दाधीच, पुस्कालय सचिव पद पर राजकुमार मीणा, ताराचंद सैनी, विनोद कुमार बैरवा व नामांकन दाखिल किया, सह सचिव पद पर राजवीर सिंह चौधरी निर्विरोध, कार्यकारिणी सदस्य में शिव प्रसाद शर्मा, शैलेन्द्र गर्ग, राजेश कुमार सैनी, जमनालाल मीणा, महिला आरक्षित सीट पर निर्विरोध कुसूम विजय, पूर्व अध्यक्ष आरक्षित सीट पर राजकिशोर घोडारोक गुर्जर निर्विरोध चुना गया।

# 'समाज संगठित नहीं होगा तो कुछ भी हासिल नहीं कर सकते'

**टोंक,** (निसं)। राजस्थान गुर्जर महासभा टोंक जिला कार्य समिति की बैठक राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर के मुख्य आतिथ्य एवं महासभा के जिलाध्यक्ष सुरज्ञान सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में देव कॉलेज टोंक में आहूत की गई।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष कालूलाल गुर्जर ने कहा कि संगठित

- राजस्थान गुर्जर महासभा टोंक जिला कार्य समिति की बैठक

समाज ही अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर सकता है और विजय प्राप्त कर सकता है। जब तक समाज संगठित नहीं होगा, तब तक हम कुछ भी हासिल नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि राजस्थान गुर्जर महासभा समाज का सबसे पुराना संगठन है। इसी महासभा से अन्य सामाजिक संगठनों एवं नेताओं का जन्म हुआ है। राजस्थान में गुर्जर आरक्षण की मांग सबसे पहले इसी महासभा के बैनर तले तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष स्व. रामगोपाल गार्ड की अगुवाई में की गई। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष वृद्धिचन्द गुर्जर ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए अच्छी शिक्षा पर ध्यान देना होगा। जिलाध्यक्ष सुरज्ञान सिंह गुर्जर ने समारोह में आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि महासभा की गतिविधियों को आगे बढाने में टोंक जिले का संगठन कभी पीछे नहीं रहेगा। प्रदेशाध्यक्ष कालूलाल गुर्जर ने राजस्थान गुर्जर महासभा टोंक जिला कार्यसमिति, पदाधिकारियों एवं तहसील अध्यक्षों को शपथ ग्रहण करवाकर नियुक्ति पत्र वितरण किए। समारोह में महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मोहनलाल वर्मा, प्रह्लाद सिंह अवाना, अखंड भारत गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवनारायण रग्गल, राजस्थान युवा गुर्जर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुर्जर, रामसिंह मुकुल, सुमन गुर्जर, जिला महामंत्री रामअवतार धाभाई, देवराज गुर्जर, लक्ष्मी नारायण गुर्जर, छोगालाल गुर्जर, उदय लाल गुर्जर, रमेश चंद गुर्जर गिरदावर, रामअवतार गुर्जर, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह के अंत में राजस्थान गुर्जर महासभा के आजीवन प्रदेशाध्यक्ष रहे रामगोपाल गार्ड एवं आरक्षण के अगुआ बाबा कर्नल किरोडी सिंह बैंसला के चित्र पर माला पहनाकर पुष्पांजली अर्पित की गई।




**राजस्थान गुर्जर महासभा टोंक जिला कार्यसमिति की बैठक को राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर ने संबोधित किया।**

### चोरी का आरोपी पकड़ा

**नारायणपुर,** (निसं)। पुलिस ने बुधवार को चोरी की बाइक के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है । थानाधिकारी शिवशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि 24 फरवरी को राजपाल मीणा भूरियावाली प्रतापगढ निवासी ने नारायणपुर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया कि 20 फ़रवरी को कोठी वाली ढाणी बसई जोगियान में वह शादी में आया था । इस दौरान उसकी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने टीम गठित कर चोरी हुई बाइक के साथ चोरी के आरोपी ओमप्रकाश (28) पुत्र लीलाराम जाति माली निवासी मालियों की ढाणी माधोगढ़ थाना अकबरपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी के आरोप में गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### पदाधिकारियों का स्वागत

**कोटपूतली,** (निसं)। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. यशवीर सिंह, महामंत्री डॉ. जिलेसिंह व रामकेश चपराना, प्रदेश प्रभारी इन्द्राज विदुडी का कोटपूतली आगमन पर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की ओर से श्री देवनारायण जनकल्याण संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष शंकर लाल कसाना के नेतृत्व में स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक रामचन्द्र रावत, राष्ट्रीय सचिव रामसिंह कसाना, जिलाध्यक्ष दीनाराम खटाना, सुभाष गुर्जर, जारााम रैया, पूर्व सरपंच जयराम गुर्जर, शीशराम गुर्जर, दिनेश कमान्डेंट समेत अन्य मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### महापंचायत के पोस्टर का विमोचन



**फागी,** (निसं)। कस्बे में श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणी सैना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने केसरिया महापंचायत के पोस्टर का विमाचन किया। कस्बे के डिग्गी मालपुरा रोड पर स्थित कारगिल डिफेन्स एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में सुखदेव सिंह गोगामडी ने 2 अप्रैल को विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजित महापंचायत के पोस्टर के विमोचन समारोह में राजपूत समाज को एक जाजम पर बैठकर समाजोत्थान की बात पर जोर देते हुए केसरिया महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में क्षैत्र के लोगों की भागीदारी सुनिष्चित करने का आवहान किया। गोगामेडी ने आयोजित महापंचत की विभिन्न मांगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में करणी सेना के कुशाल सिंह, विक्रम सिंह, गजेन्द्र सिंह, भंवर सिंह, रघुराज सिंह, रामचन्द्र सिंह, एडवोकेट गोविन्द सिंह पंवार सहित राजपूत समाज के सैकडो युवा प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

### छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली




**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे के हलवाई बाजार स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय द्वितीय शिविर का आयोजन प्रधानाचार्या नवीता वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। शिविर प्रभारी सपना कुमावत ने बताया कि एनएसएस शिविर के माध्यम से स्वयं सेविकाऐं समाज से जुड़ती है तथा राष्ट्र सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है। शिविर के दौरान व्याख्याता अनिता कुमारी द्वारा विद्यार्थी छात्राओं से प्रतियोगी परीक्षाओं एवं केरियर विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद एनएसएस स्वयं सेविकाओं द्वारा क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर स्वच्छता, दहेज प्रथा, सड़क सुरक्षा आदि विषयों पर नारे लगाते हुए जागरूकता रैली निकाली गई। शिविर के अंतिम चरण में अध्यक्षा नविता वर्मा के द्वारा शिविर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

### महिला प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत



**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। ऑल इंडिया कांग्रेस सेवा दल की नवनियुक्त महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अंजली यादव के नीमराना पहुंचने पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने गुलदस्ता भेंटकर कर साफा पहनाकर, मिठाई व फल बांटकर खुशी मनाई। श्रीराम प्लाजा नीमराना में शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ के मौजीराम यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त राजस्थान कांग्रेस सेवादल की महिला प्रदेश अध्यक्षा व पीसीसी सदस्य पूर्व विधायक मेजर ओ पी यादव की पुत्रवधु डॉक्टर अंजली यादव का साफा व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉक्टर यादव ने कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त किया। जल्द ही प्रदेश में अप्रैल माह से प्रदेश में कांग्रेस सेवादल का विस्तार किया जाएगा। इस दौरान मौजीराम यादव ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल व ब्लॉक संयोजक शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ नीमराना, दिनेश कुमार यादव पूर्व विधानसभा डेलीगेट यूथ कांग्रेस, अजय कुमार जांगिड़, वेद प्रकाश सैनी, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदीप पहलवान, अजीत कुमार सिंघल, सोनू पहलवान, देवेंद्र सिंह चौहान बेलनी, संजय यादव, राजू मुद्गल, विनोद कुमार, अशोक कुमार, गोला गुर्जर, भवानी सिंह आदि सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर अंजली यादव के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर खुशी जाहिर की।

### हवासिंह कसाना ब्लॉक अध्यक्ष बने

**कोटपुतली,** (निसं)। गुर्जर कर्मचारी अधिकारी कल्याण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र तंवर के निर्देशानुसार कोटपुतली जिला अध्यक्ष शीशराम गुर्जर ने कोटपुतली ब्लॉक अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अध्यापक हवासिंह कसाना को नियुक्त किया। कसाना की नियुक्ति पर कस्बे के दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित देवनारायण मंदिर में कसाना का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कसाना ने कहा कि जिला और प्रदेश कार्यकारिणी के कंधे से कंधा मिला कर जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला संगठन महामंत्री हवासिंह मुक्कड ,प्रवक्ता हंसराज पायला ने भी विचार व्यक्त किये। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामावतार कसाना, मक्खन सराधना, महासचिव सुरेश गुर्जर, उपाध्यक्ष पूरण कसाना, महावीर प्रसाद, विक्रम गुर्जर, मीडिया प्रभारी महेश गुर्जर व प्रदेश सचिव पूरण रावत सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।

### वैश्य दिवस मनाया

**राजगढ़,** (निसं)। वैश्य महासमिति एवं महिला समिति के तत्वाधान में कस्बे के अग्रवाल धर्मशाला में महिला पुरुषों ने वैश्य दिवस मनाया। इस अवसर पर वैश्य महासमिति के अध्यक्ष लोकेश रावत ने समाज की एकजुटता एवं विकास के लिए वैश्य दिवस की सार्थकता पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर, महिला समिति की अध्यक्ष ममता गुप्ता, वैश्य महासम्मेलन की उपाध्यक्ष मीना खंडेलवाल, रेनू जैन, प्रीति खंडेलवाल, पवन जैन, सुनीता वेद, सुनीता विजय, कमलेश गुप्ता, चंद्रकांता विजय, श्याम सुंदर विजय, विनोद विजय एवं अग्रवाल समाज के अध्यक्ष जगदीश सिंघल वैश्य दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### बालक को बालश्रम से मुक्त कराया

**टोंक,** (निसं)। मानव तस्करी विरोधी यूनिट टोंक ने एक दुकान पर बालश्रम करते हुए पाए नाबालिक बालक को बालश्रम से मुक्त कराया। यूनिट के एएसआई नकुल नायक, हैड कांस्टेबल रामसहाय, रमेश कुमार, महिला हैड कांस्टेबल रिंकू ने एक नाबालिक बालक उम्र 15 साल नियोकता साबिर निवासी नवाब साहब की पाल के पास द्वारा बिजली चालित कटर वेल्डिंग की लोहे की दुकान रुईपैच के मैदान से पहले बालश्रम करता हुआ मिला, जिसको दस्तबाब कर टीम ने बालक को शिक्षा व पुनर्वास के लिए बाल कल्याण समिति टोंक के समक्ष पेश कर पुरानी टोंक पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया।

### 'फागी को जयपुर जिले में ही रखें'

**फागी,** (निसं)। कस्बे की जनता के साथ क्षेत्र के आस पास की समस्त जनता ने फागी तहसील को जयपुर जिले में रखने के लिए हुंकार भरी है। कस्बे के श्री चारभुजा मन्दिर में हुई आम सभा में सर्वसमाज एवं बिना किसी राजनैतिक दल के सर्वसम्मति से 21 सदस्यीय फागी बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया। गठन के पश्चात जयपुर चलो का नारा बुलन्द हुआ जिसमें उपखण्ड अधिकारी फागी एवं क्षेत्रीय विधायक बाबूलाल नागर को ज्ञापन देकर फागी क्षेत्र को जयपुर जिले में रखने की मांग की जावेगी। इसी के पश्चात आगे की रणनीति पर चर्चा होगी।